**श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय**
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
**बी-4, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110016**

## IQAC की बैठक के कार्यवृत्त

श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली की आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आई.क्यू.ए.सी) समिति की सातवीं बैठक दिनांक 01.05.2024 (बुधवार) को प्रात: 11:30 बजे विश्वविद्यालय के वाचस्पति सभागार में आयोजित की गई।

**बैठक में निम्न सम्मानित सदस्य एवं अधिकारी उपस्थित रहे :-**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो. मुरली मनोहर पाठक, माननीय कुलपति महोदय | अध्यक्ष |
| 2. | स्वामी राघवानन्द, उदासीन आश्रम, आरामबाग, दिल्ली | बाह्य सदस्य |
| 3. | प्रो. सुदीप कुमार जैन, आचार्य प्राकृत भाषा विभाग | सदस्य |
| 4. | प्रो. वीर सागर जैन, आचार्य, जैन दर्शन एवं योग विज्ञान विभागाध्यक्ष | सदस्य |
| 5. | प्रो. भागिरथि नन्द, आचार्य साहित्य विभाग एवं शैक्षणिक पीठाध्यक्ष | सदस्य |
| 6. | प्रो. शिवशंकर मिश्र, आचार्य एवं पीठाध्यक्ष, शोध विभाग | सदस्य |
| 7. | डॉ. मनोज कुमार मीणा, सहाचार्य, शिक्षाशास्त्र विभाग | सदस्य |
| 8. | प्रो. प्रेम कुमार शर्मा, आचार्य, ज्योतिष विभाग | सदस्य |
| 9. | डॉ. अभिषेक तिवारी, आधुनिक ज्ञान विभाग | सदस्य |
| 10. | श्री सन्तोष कुमार श्रीवास्तव, वित्ताधिकारी एवं कुलसचिव (प्र.) | सदस्य |
| 11. | डॉ. तारकेश्वर नाथ गिरी, परीक्षा नियंत्रक | सदस्य |
| 12. | प्रो. सुन्दर नारायण झा, आचार्य वेद विभाग | सदस्य |
| 13. | सुश्री नीतिका जिन्दल, विद्यावारिधि पूर्व छात्रा | सदस्या |
| 14. | श्री अजय टण्डन, उपकुलसचिव (लेखा एवं विकास) | विशेष आमन्त्रित |
| 15. | श्री सुच्चा सिंह, सहायक कुलसचिव (शैक्षणिक) | विशेष आमन्त्रित |
| 16. | प्रो. देवीप्रसाद त्रिपाठी, निदेशक, आई.क्यू.ए.सी | सदस्य सचिव |

सम्मानित बाह्य सदस्यों में श्री उपेन्द्र राय तथा आन्तरिक सदस्यों में प्रो. शुकदेव भोई, प्रो. रचना वर्मा मोहन तथा डॉ. मनोज कुमार मीणा बैठक में उपस्थित नहीं हो सके।

प्रो. सुन्दर नारायण झा द्वारा मंगलाचरण किया गया। IQAC निदेशक प्रो. देवीप्रसाद त्रिपाठी द्वारा समिति के सभी सदस्यों का स्वागत किया गया तदुपरान्त अध्यक्ष महोदय की अनुमति से बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गई।

प्रो. देवीप्रसाद त्रिपाठी ने सभी सदस्यों से NEP 2020 की महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर सुझाव एवं मार्गदर्शन प्रदान करने का अनुरोध किया। निदेशक द्वारा समिति में कार्यसूची को क्रमानुसार उपस्थापित किया गया।

**कार्यसूची संख्या-1 · दिनांक 04/01/2024 को आयोजित आ.गु.आ.प्र. (IQAC) की षष्ठ बैठक में लिए गए निर्णयों के कार्यवृत्त की पुष्टि हेतु प्रस्तुत।**

दिनांक 4 जनवरी 2024 को सम्पन्न हुई आई.क्यू.ए.सी की बैठक में लिए गए निर्णयों की पुष्टि की गई।

**कार्यसूची संख्या-2: दिनांक 04/01/ 2024 को आयोजित आ.गु.आ.प्र. (IQAC) की षष्ठ बैठक में लिए गए निर्णयों पर कृत कार्यवाही का प्रतिवेदन (Action Taken Report) पुष्टि हेतु प्रस्तुत।**

दिनांक 4 जनवरी 2024 को सम्पन्न हुई आई.क्यू.ए.सी की बैठक में लिए गए निर्णयों पर क्रियान्वयन के विषय में समिति द्वारा पुष्टि की गई, साथ ही जिन बिंदुओं पर कार्य प्रगति की सूचना प्राप्त नहीं हुई है उन सभी सम्बंधित विभागों को अनुस्मारक भेजा जाए।

**कार्यसूची संख्या-3: · AQAR 23-24 को नैक पोर्टल पर जमा करवाने के संबंध में ।।**

वर्ष 2023-24 की वार्षिक गुणवत्ता आश्वासन रिपोर्ट (AQAR) समय पर प्रस्तुत करने हेतु पर सभी समिति के सदस्यों द्वारा यह सुझाव दिया गया कि यथाशीघ्र तैयार करने हेतु आवश्यक सूचना/सामग्री संग्रहित करना प्रारंभ किया जाए। इस सन्दर्भ में कार्यालय सूचना भी जारी करने के लिए कहा गया। माइनॉरिटी सेल के गठन हेतु आवश्यक कार्य हेतु प्रशासन को सूचित किया जाए। POs, COs एवं LOs को तीनों भाषा में तैयार करके विद्वत परिषद् में पाठ्यक्रमों के निर्माण हेतु प्रेषित किए जाने चाहिए ताकि पाठ्यक्रमों का निर्माण उनके अनुसार किया जा सकें। नैक प्रत्यायन हेतु सभी अध्यापकों के प्रोफाइल को वेबसाइट पर तीनो भाषा में अपलोड करना अनिवार्य है जिसके लिए अंगेजी एवं हिंदी में प्रोफाइल तैयार कर लिए गए है तथा संस्कृत हेतु सभी अध्यापकों को अनुवाद हेतु भेजे जा सकते है।

**कार्यसूची संख्या-4: नैक मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् को समुचित रूप से सपन्न करने हेतु माननीय कुलपतिद्वारा दो समिति (core and working) का गठन किया गया।**

सभी समिति के सदस्यों ने प्रशंसा एवं सराहना की। इन दो समितियों को विश्वविद्यालय के IIQA को नैक पोर्टल प्रस्तुत किये जाने के विषय मे कार्य यथाशीघ्र पूर्ण करें। सदस्य द्वारा सुझाया गया कि माइनॉरिटी सेल के गठन के बारे में UGC को पत्र लिखा जाए।

**कार्यसूची संख्या-5: श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में लागु समस्त पाठ्यक्रमों के पुनर्निर्माण करने पर विचारार्थ।**

समिति द्वारा पिछली कार्यसूची के अनन्तर में सुझाया गया कि विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों द्वारा निर्मित PO, PSO तथा CO की समीक्षा की जाएँ ताकि विश्वविद्यालय में लागु विभिन्न कक्षाओं में लागु समस्त पाठ्यक्रमों को नई शिक्षा निति 2020 के अनुसार पुनर्निर्माण किया जाना है। ताकि नवीन पाठ्यक्रम में शिक्षानीति-2020 एवं नैक के मानकों के अनुसार वांछित संशोधनों को किया जा सके। समिति द्वारा इस प्रस्ताव को स्वीकार किया गया। इस सन्दर्भ में माननीय कुलपति महोदय द्वारा सभी पीठाध्यक्ष एवं विभागाध्यक्ष की एक बैठक आयोजित करने को भी कहा गया।

**कार्यसूची संख्या-6: वर्ष 2024-25 हेतु AQAR एवं NIRF के लिए दिशा-निर्देश दिया जाना चाहिए।**

समिति सदस्यों द्वारा यह सुझाव दिया गया कि वर्ष 2024-25 हेतु AQAR एवं NIRF के लिए सभी गतिविधियों एवं क्रियाकलापों के विवरण को सत्र आरंभ होते ही तैयार करना चाहिए। इस मन्दर्भ में कार्यालय सूचना जारी की जाए जिसमे तालिका अनुसार पूर्ण विवरण लप तैयार किया जाए।

**कार्यसूची संख्या-7: विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा जारी Transformation Reforms for Strengthening Assessment & Accreditation of Higher Education Institutions in India IQAC के अवलोकनार्थ सादर प्रस्तुत।**

विश्वविद्यालय में सत्रीय कक्षाओं के पाठ्यक्रम विषय में, जिसमें संशोधन अत्यावश्यक है। शोध की कक्षाओं हेतु शोध के स्तर का पाठ्यक्रम होना चाहिए। समिति सदस्य प्रो. शिवशंकर मिश्र द्वारा सुझाया गया कि संगणक का पाठ्यक्रम शोध कक्षाओं हेतु शिक्षाशास्त्र एवं परम्परागत दोनों के लिए समान होना चाहिए। इस कार्य को सुचारू रूप से करने का दायित्व शोध विभागाध्यक्ष को दिया जा सकता है।

**कार्यसूची संख्या-8: विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों स्नातकोत्तर कार्यक्रम के लिए पाठ्यक्रम और क्रेडिट ढांचे Curriculum and Credit Framework for Post Graduate Programme को विश्वविद्यालय में लागू करने पर विचारार्थ प्रस्तुत।**

विश्वविद्यालय में लागु स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों को स्नातकोत्तर कार्यक्रम के लिए पाठ्यक्रम और क्रेडिट ढांचे के अनुसार पुन: निर्मित किया जाए। निदेशक-आई.क्यू.ए.सी. द्वारा सुझाया गया कि इस कार्य को उचित ढंग से पूर्ण करने हेतु सभी पीठाध्यक्षों, विभागों के विभागाध्यक्षों एवं उच्च अधिकारियों की एक बैठक कराई जा सकती है।

बैठक समाप्ति पर आईक्यूएसी निदेशक द्वारा माननीय कुलपति महोदय एवं सम्मलित सभी सदस्यों को धन्यवाद प्रदान करते हुए सभी सहयोगी कर्मचारियों के कार्य की भी सराहना की गई।

(प्रो. देवीप्रसाद त्रिपाठी)
निदेशक, सदस्य सचिव

(प्रो. मुरली मनोहर पाठक)
कुलपति/अध्यक्ष